Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69

# विज्ञान समिति, उदयपुर
# मासिक रिपोर्ट

अंक :169
अप्रेल 2016
नियमित प्रकाशन का पन्द्रहवां वर्ष
स्वैच्छिक सेवा का 57 वां वर्ष

- मार्च 2016 में 26 कार्य दिवस। सदस्यों की दैनिक औसत उपस्थिति – 13
- उदयपुर का तापमान अप्रेल माह में : अधिकतम 41.3° सेल्सियस, न्यूनतम 22.4° सेल्सियस रहा।
- मार्च माह की **मासिक रिपोर्ट, लोकविज्ञान तथा लहर** प्रकाशित हुई तथा सभी सदस्यों एवं वि ष्टजनों को प्रेषित की। कुछ सदस्यों को विदेश में ई–मेल द्वारा भी भेजी गई।

## आर्थिक सहयोग–

- **विशेष सहयोग सरस्वती मूर्ति स्थापना हेतु–श्रीमान एम.एस. सुराना 1,00,000 रु. ( श्रीमान सुराना सा. का अब तक का सहयोग 13 लाख रुपया हो गया है, जो अब तक का उच्चतम है )**
- **छात्रवृत्ति कोष - डॉ. आर.एल. जैन 3000 रु. डॉ. लक्ष्मी नारायण दशोरा 1000 रु.**
- **वार्षिक सहयोग -डॉ.आर.सी.भटनागर व डॉ.आर.एल.जैन** प्रत्येक से रु. 1000/–

सभी सहयोगियों का सादर आभार ।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी प्रसारण

- लोकविज्ञान : अप्रेल अंक में **बहुउपयोगी वृक्षः बिलपत्र, अज्ञात व अनिश्चित है हमारा भविष्य, कैंसर प्रबन्धन की चुनौतियां और सुझाव** आदि का समावेश है।

## महिला सशक्तीकरण

- **नवाचार महिला प्रकोष्ठ :** नवाचार महिला प्रकोष्ठ की मासिक बैठक 11 अप्रेल को आयोजित हुई जिसमें 60 सदस्याओं ने भाग लिया। **श्रीमती संगीता तलेसरा ने मॉकटेल व शर्बत बनाना** सिखाया। ड्रेस कोड राजस्थानी रखा गया। सर्वप्रथम **श्रीमती मंजु सिंघवी** ने इन्डोर खेल खिलाये। उसमें **श्रीमती माया सिरोया** प्रथम एवं **श्रीमती मंजु बोर्दिया** द्वितीय रही। **श्रीमती मंजू सिंघवी** ने एक पहेली पूछी एव **श्रीमती रजनी सिसोदिया** उसमें विजयी रही। तत्पश्चात् **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने मंगलाचरण से मीटिंग की शुरूआत की व **श्रीमती संगीता तलेसरा** का स्वागत किया। **श्रीमती संगीता** ने शर्बत व मॉकटेल की सामग्री व विधि लिखवाई एवं उनका लाईव डेमो दिया। इसके अलावा **श्रीमती संगीता जी** ने नॉन–एल्कोहोलिक सांगरिया, कांजी, फूट बॉल फलॉट, बेसिल शर्बत, पान शर्बत आदि सिखाए। सभी महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सीखा। अंत में **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने पुदिना चाय की रेसिपी लिखवाई। **श्रीमती संगीता तलेसरा** को स्मृति चिह्न भेंट किया गया।




- **वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ :** इस प्रकोष्ठ की मासिक बैठक 20 अप्रेल को आयोजित हुई जिसमें 66 सदस्याओं ने भाग लिया। संयोजिका **श्रीमती शकुन्तला धाकड़** ने सभी का सम्मान करते हुए पिछले एक माह में आये त्योहार होली, शीतला सप्तमी, दशामाता, चेटीचंड, गणगौर, रामनवमी एवं महावीर जयन्ती पर आधारित एक मनोरंजक एवं शिक्षाप्रद समूह खेल खिलाया। सात समूह बनाये गये व प्रत्येक समूह की महिलाओं ने एक त्योहार के बारे में उसके उद्देश्य, उस पर आधारित गीत एवं परम्पराओं के बारे में बताया इससे सभी महिलाओं को त्योहारों के बारे में जानकारी प्राप्त हुई इसे सभी महिलाओं ने बहुत सराहा। इसके पश्चात् सह संयोजिका **श्रीमती अरूणा** और सभी महिलाओं ने घूमर पर ग्रुप डांस किया। अंत में **श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने विज्ञान समिति द्वारा प्रायोजित छात्रवृति कार्यक्रम में सबको सहयोग करने के लिए आग्रह किया।
- **ग्रामीण महिला चेतना शिविर :** इस माह वैवाहिक कार्यक्रम होने से आयोजित नहीं हो सका।

विज्ञान समिति, रोड नं. 17, अशोक नगर, उदयपुर-313001 फोन : 0294-2413117, 2411650
Website : www.vigyansamitiudaipur.org
E-mail Id : samitivigyan@gmail.com



**सेवा प्रकोष्ठ :** अभावग्रस्त महिला **श्रीमती जीनत खां की पुत्री सुश्री निखत** कक्षा सातवीं में अध्ययनरत को सहयोगस्वरूप 4000रु. प्रदान किया गया।

## स्वास्थ्य सेवाएं

**निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर : विज्ञान समिति, महावीर इन्टरनेशनल व आरोग्य एक्यूप्रेशर उपचार, शोध एवं प्रशिक्षण प्रन्यास, उदयपुर** के संयुक्त तत्वावधान में निः ुल्क एक्यूप्रे ार ि ाविर प्रत्येक गुरुवार व भानिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हुए। अप्रेल माह में 9 शिविर हुए जिसमें 106 दर्दियों की चिकित्सा की गई। **श्री बी.एल. पोखरना** एवं उनके सहयोगी चिकित्सकों का प्रशंसनीय योगदान रहा।

**श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर : विज्ञान समिति** में **चौतीसवां शिविर दिनांक 17 अप्रेल 2016** तृतीय रविवार को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा ि ाविर में **डॉ.आई.एल.जैन, वरिष्ठ फिजिशियन एवं हृदयरोग विशेषज्ञ, डॉ.अनुराग तलेसरा अस्थिरोग विशेषज्ञ, दर्शन डेंटल कॉलेज के दंत रोग विशेषज्ञ, श्री अंकित नागौरी-ब्लड शुगर जांच, श्री बी.एल.पोखरना एवं एक्यूप्रेशर टीम ने अपनी मानद चिकित्सा परामर्श** सेवाएं यथावत प्रदान की। सभी के प्रति आभार। इस ि ाविर में कुल 65 नागरिकों का ( 6 सामान्य, 22 हृदय, 9 अस्थि रोग, 25 मधुमेह, 1 दंत, 2 नेत्र) वि ोषज्ञों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। इसी क्रम में 2 नागरिकों को एक्यूप्रे ार थेरेपी से चिकित्सा पराम र्ा दिया गया। आगामी **पैतीसवां शिविर 15 मई 2016 रविवार प्रातः 10 से 12 बजे तक आयोजित होगा ।**

## प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ

● प्रकोष्ठ की नियमित मासिक बैठक के स्थान पर दो दिवसीय संगोष्ठी **स्मार्ट सिटी विजन डॉक्यूमेन्ट 2025** दिनांक











30 अप्रेल व 1 मई को आयोजित की गई। जिसमें समिति के और बाहर के 25 विशेषज्ञों ने अपनी–अपनी विशेषज्ञतानुसार स्मार्ट सिटी 2025 के लिए अपनी योजनाएं प्रस्तुत की। दोनों दिन कार्यक्रम प्रातः 9.30 से प्रारम्भ होकर सायं 4 बजे तक चला। इस संगोष्ठी के आयोजन में विज्ञान समिति के साथ रोटरी क्लब उदयपुर एवं महावीर इन्टरनेशनल उदयपुर भी भागीदार थे। सेमिनार में **श्री बी.एल.खमेसरा, श्री जी.एस.टॉक, डॉ. एल.के. भटनागर, डॉ.आई.एल.जैन, श्री अनिल मेहता, श्री बी.एल.मंत्री, डॉ. एल.एल.धाकड, इंजी. आर.के. चतुर, इंजी. जी.पी. सोनी, श्री बी.आर. अरोड़ा, डॉ. पी.के. सिंह, इंजी. रवीन्द्र भटनागर, डॉ. जे.के. दोशी, श्री एस.के. वर्मा, डॉ. सतीश शर्मा, श्री प्रतापसिंह तलेसरा, श्री आर.पी. शर्मा , इंजी. जे.एस. दवे, डॉ. दीपक शर्मा, श्री सतीश कुमार श्रीमाली,डॉ. अरूण चतुर्वेदी, श्री जे.एस. पोखरना, श्री राजीव मेहता, श्री आर.के. खोखावत। डॉ. एल.एल. धाकड़** प्रमुख वक्ता थे, सभी प्रस्तुतियों को सराहा गया। इस संगोष्ठी की प्रमुख अनुशंसाओं को उदयपुर के दैनिक पत्रों में प्रमुखता से स्थान दिया गया। एक कमेटी बनाई गई जो इस संगोष्ठी की रिपोर्ट तैयार कर उसे गृहमंत्री, राजस्थान सरकार **श्री गुलाबचंद जी कटारिया** एवं स्मार्ट सिटी के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों एवं अभियन्ताओं को प्रेषित की जाएगी। इस संगोष्ठी के संयोजक प्रतिष्ठित आर्किटेक्ट **श्री बी.एल. मंत्री** एवं प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ के संयोजक मुनीश जी गोयल का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। संगोष्ठी की योजना एवं सफल संचालन **डॉ. एल.एल धाकड़** ने किया।

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ

दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ की बैठक द्वितीय शनिवार को आयोजित नहीं हुई क्योंकि 21 अप्रेल को महावीर जयन्ती

पर संगोष्ठी हुई जिसमें पांच विद्वानों द्वारा वार्ताएं प्रस्तुत की गई। **1. डॉ. आर.एल.जैन** – आधुनिक युग और महावीर चिंतन **2. डॉ. प्रेमसुमन जैन** – भारतीय संस्कृति में जैन धर्म का योगदान 3. **डॉ. नारायणलाल कच्छारा**–जैन दर्शन में वस्तु एवं लोक का स्वरूप 4. **डॉ. पारसमल अग्रवाल** –जैन धर्म के कुछ अनछुए पक्ष 5. **डॉ. जिनेन्द्र कुमार जैन**– जैन धर्म में श्रद्धा का महत्त्व। इस अवसर पर प्रो. प्रेमसुमन जैन की पुस्तक **''कुवलयमाला कहा''** का विमोचन मुख्य अतिथि **डॉ. देव कोठारी** ने किया। **डॉ. जैनेन्द्र कुमार जैन** ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## केलवा प्रोजेक्ट

● **श्रद्धा** का 30 वां अंक (अप्रेल) प्रकाशित–वितरित हुआ जिसमें **आचार्य भिक्षु आलोक संस्थान केलवा का उद्घाटन समारोह** के रूप में प्रकाशित हुआ। उद्घाटन समारोह 10 अप्रेल की शुभ प्रभात में केलवा स्थित भिक्षु विहार के




विशाल सभागार में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि **श्रीमती किरण माहेश्वरी** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री, राजस्थान सरकार थी, अध्यक्षता **श्री हरिओमसिंह राठौड,** सांसद राजसमन्द व विशिष्ट अतिथि **डॉ.सोहनराज तातेड़ एवं डॉ.पारसमल अग्रवाल** थे। संस्थान के उद्घाटन समारोह की घोषणा के बाद कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण हुआ। **डॉ.सोहनराज तातेड़** एवं **डॉ. पारसमल अग्रवाल** को "आचार्य भिक्षु प्रज्ञा सम्मान" से सम्मानित किया गया (दोनों सम्मानित होने वाले विज्ञान समिति के सदस्य है)। पांच अभावग्रस्त छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति दी गई। कुछ विशिष्ट लोगों का भी सम्मान किया गया। आचार्य भिक्षु आलोक संस्थान की परिकल्पना को स्पष्ट किया गया। इस अवसर पर उदयपुर, राजसमन्द, मुम्बई, केलवा के अनेक महानुभावों एवं महिलाओं की उपस्थिति रही। विज्ञान समिति के 31 सदस्यों ने भाग लिया।

## सदस्यों संबंधी

● हमारे प्रमुख संरक्षक सदस्य **श्रीमान मदनसिंह जी सुराना श्रीमती लीला जी सुराना एवं सुपुत्र श्री प्रफुल सुराना एवं**



**पुत्रवधू मंजु सुराना** 8 अप्रेल को हांगकांग से उदयपुर पधारे और पुनः 10 मई को हांगकांग के लिए प्रस्थान कर गए। इस काल में समिति के कई सदस्य उनसे मिले व समिति में भी पधारने का आग्रह किया पर नहीं आ सके। यहाँ प्रवास काल में उनका स्वास्थ्य उत्साहवर्धक रहा। विज्ञान समिति के प्रतिनिधियों ने उनको 10 मई को उनके घर जाकर मांगलिक विदाई दी। समिति की हार्दिक शुभकामनाएँ!

● हमारे विशिष्ट संरक्षक सदस्य एवं पूर्व उपाध्यक्ष **डॉ. यशवंत कोठारी** को सृजन कला सम्मान से सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम सृजन द स्पार्क सोसायटी द्वारा लोककला मंडल में आयोजित हुआ। सम्मान प्रदान करने वालों में गृहमंत्री **श्री गुलाबचंद जी कटारिया,** वेदान्त के अध्यक्ष ग्लोबल जिंक बिजनेस **श्री अखिलेश जोशी** भी उपस्थित थे। हार्दिक बधाई!

● हमारे संरक्षक एवं पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. के.बी. शर्मा** अपनी रुग्णता के बाद स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। कभी–कभी समिति भी पधार रहे हैं। शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की शुभकामनाएँ।

● हमारे महासचिव **डॉ. के. एल. तोतावत** की पत्नी **श्रीमती शकुन्तला तोतावत** का दाहिने घुटने की टकनी (Patella) ने अपनी जगह छोड़ दी थी। जिसे अहमदाबाद में शेल्बी चिकित्सालय में शल्य क्रिया द्वारा 21 अप्रेल को नई टकनी स्थापित की गई। वे अपने घर पर ही स्वास्थ्य लाभ ले रही है। शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की शुभकामनाएँ।

**विज्ञान समिति द्वारा आयोजित समस्या समाधान सत्र**
**दिनांक 27-28 मई 2016**
**समाधानकर्ता : प्रो. किशोर गेरा, मनोवैज्ञानिक**
**कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थी आमंत्रित, 25 मई तक**
**निःशुल्क पंजीयन करावें।**

## श्रद्धांजलि

विज्ञान समिति के हितैषी और कोठारी परिवार के समधि **श्री नरेन्द्र सिंह मेहता ( श्री पराग कोठारी के श्वसुर )** का आकस्मिक देवलोकगमन 21 अप्रेल को दोपहर बाद हृदयगति रुक जाने से हो गया। वे माइनिंग इंजीनियर थे। हिन्दुस्तान जिंक की दरीबा माईन्स पर जनरल मैनेजर थे। बाद में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर बिनानी ग्रुप की माईन्स के सी.ई.ओ. बनकर यूरोप चले गए। पिछले कुछ महीनों से सकुशल परिवार के साथ रह रहे थे। केवल 67 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन सबके लिए काफी कष्टदायक रहा। विज्ञान समिति की सादर श्रद्धांजलि!

''साहित्य, कला एवं संस्कृति संस्थान'' नाथद्वारा द्वारा 24 अप्रेल 2016 को आयोजित राष्ट्रीय साहित्यकार सम्मान समारोह में सचिव एकेडमिक **श्री प्रकाश तातेड़** को **''साहित्य समाज सेवा रत्न''** से सम्मानित किया गया। हार्दिक बधाई।

प्रेषक : विज्ञान समिति, 17 अशोक नगर, उदयपुर **बुक-पोस्ट**

**सेवा में**

## जन्मदिन की बधाइयाँ

| मई | | जून | |
|---|---|---|---|
| Dr. J.K. Doshi | 07/05 | Dr. N.L. Gupta | 03/06 |
| Sh. Pradeep Bapna | 08/05 | Dr. Pratichi Bhatnagar | 07/06 |
| Sh. S.N. Joshi | 11/05 | Sh. Ibrahim Ali | 12/06 |
| Smt. Kaushlya Roongta | 20/05 | Sh. P.P. Jain | 10/06 |
| Sh. Nitin Kothari | 24/05 | Sh. M.S. Khamesara | 12/06 |
| Prof. Lalit Pandey | 30/05 | Sh. Javerchand Dagliya | 15/06 |
| | | Dr. K.L. Kothari and Sh. MS Pandya | 30/06 |



**समिति परिसर में जन्मदिन मनाने के लिए आप सादर आमन्त्रित हैं।**



## विज्ञान समिति के मई माह के कार्यक्रम

- **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन
- **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं**

❐ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में

❐ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविरः समिति परिसर में तीसरे रविवार 15 मई 2016 प्रातः 10 से 12 बजे तक

| नियमित मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| * नवाचार महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 10 मई 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| * प्रौद्योगिकी दिवस एवं डॉ. डी.एस. कोठारी एक्सीलेन्स अवार्ड | 10 मई 2016 | प्रातः 05.00 बजे से |
| * वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ मासिक बैठक | 20 मई 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| * ग्रामीण महिला चेतना शिविर | 30 मई 2016 | प्रातः 11.00 बजे से |
| **विशेष कार्यक्रम** | | |
| * एसएसएसजी का ट्रेनिंग केम्प | 11 से 14 मई तक | प्रातः 8 से 11 बजे |
| * विद्यार्थी मनोविज्ञान परामर्श सत्र | 27-28 मई | 10 से 1 बजे |

### अपील

- कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष प्रारंभ हो गया है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।
- निर्माण, स्थायी कोष ( कोरपस फंड ), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं अभावग्रस्तों को सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

Quick Print Service # 94147 36608

**सौजन्य :- श्रीमान् मदनसिंह जी-श्रीमती लीला जी सुराना, 8-सी, मधुबन, उदयपुर**